हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

16 ऑकवुड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई दीपावली...



16 प्रतियोगिता से प्रतिभाओं में आता है निखारः धर्मबीर



### काली दिवाली मनाने का ऐलान, किसान संगठनों ने काली पट्टी बांधकर निकाला रोष मार्च

# किसानों ने धरनास्थल से उपमंडल कार्यालय तक किया रोष प्रदर्शन

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर धरनारत किसान संगठनों ने रविवार को काली पट्टी बांधकर कस्बे में रोष प्रदर्शन किया। आंदोलनकारी किसानों ने सरकार द्वारा किसान विरोधी नीति अपनाने का विरोध कर काली दीपावली मनाने का ऐलान किया और उपमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के माध्यम से सीएम को मांगपत्र भेजा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर धरनास्थल से कस्बे के मुख्य क्रांतिकारी चौक पर रोष प्रदर्शन करने पहुंचे किसानों ने सरकार की डीएपी खाद वितरण नीति, बकाया मुआवजा, खरीद कार्यों में जान बूझकर बार बार नियमों में फेरबदल करने के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आंदोलनकारी किसानों को संबोधित करते हुए किसान मजदूर संघर्ष समिति अध्यक्ष सुरेश कौंथ ने कहा कि सरकार की पूंजीपति नीतियों के कारण कारखानों में बने उत्पादन महंगे हैं और किसान के खेत में उपजी फसलों के भाव नाममात्र होने से किसान के लिए कृषि घाटे का सौदा बन गया है। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें किसानों को बीमा कंपनी की आड़ में जमकर लूट रही हैं। प्रतिवर्ष अरबों रुपयों का प्रीमियम वसूलकर रही हैं, लेकिन नुकसान होने पर मुआवजे के नाम पर केवल नाममात्र राशि देती है जो ऊंट के मुहं में जीरे के समान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से जनता के हितों की लड़ाई लड़ेगी। डीएपी खाद बीज तमाम किसानों तक पहुंचाया जाए किसान और किसानों कि बहन बेटियों डीएपी खाद के लिए लंबी -लंबी लाईन में लगने को मजबूर हैं। किसानो के केसीसी ऋण का ब्याज माफ किया जाए।



बाढड़ा। एसडीएम को मांगपत्र देते संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

रोष प्रदर्शन में श्योराण खाप अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला, विरेंद्र बडराई, जगबीर घसौला, मास्टर शेरसिंह गारनपूरा, मास्टर रघबीर श्योराण काकड़ौली, धर्मपाल बडाला, राजकरण पांडवा, सुरेश खेड़ीबूरा, सूमेरसिंह धारणी, संतराम दिसौदिया, राजकुमार घिकाड़ा, रणधीर कुंगड़, किसान नेता राजकुमार हड़ौदी, रोशनलाल, सुरेश जेवली, सुमेर सिंह सांगवान, ब्रह्मपाल बाढ़ड़ा, राजेश कुमार भांडवा आदि मौजूद रहे।

**एसडीएम ने दिया आश्वासन**

एसडीएम आशीष सांगवान ने किसानों को आश्वस्त किया कि वह उनके मुद्दों को लेकर उच्चाधिकारियों को सारी स्थिति से अवगत करवाकर समाधान करने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में बाजरे की खरीद सुचारु रुप से चल रही है। किसान बाजरा आढ़ती के माध्यम से बेचेगा और उसे बिक्री और एमएसपी के अंतर की भावांतर राशि दी जाएगी। डीएपी की उपलब्धता भी सही है। वहीं बकाया मुआवजे पर राज्य सरकार केन्द्र के माध्यम से कंपनी के साथ संवाद कर रही है।



बाढड़ा। रोष मार्च करते विभिन्न संगठनों के किसान नेता।

# बाढ़ड़ा मार्केट का कूड़ा-कर्कट बना आफत,ग्रामीणों व दुकानदारों में रोष

- घरों में रहने वाले बच्चों और बुजुर्गों की सेहत के लिए खतरा बना जलता कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा कस्बे का मार्केट पिछले चार साल से कूड़ा-कर्कट और जलते कचरे की समस्या से जूझ रहा है। हालत इतने खराब हैं कि घरों में रहने वाले बच्चों और बुजुर्गों की सेहत खतरे में है। पूरे इलाके में धुएं व बदबू फैलने से लोग परेशान हैं। नेशनल हाइवे पर भी कचरा जलाया जा रहा हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि निजी सफाईकर्मी कूड़ा नहर और नेशनल हाइवे के पास फेंक देते हैं, जिसे बार-बार आग के हवाले किया जाता है। जलते कूड़ कर्कट की वजह से सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है और धुआं आसपास के घरों में जा रहा है। जलते कचरे से सांस की बीमारियां, एलर्जी, अस्थमा व त्वचा संबंधी समस्याएं फैल सकती हैं। बच्चों व बुजुर्गों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदार व ग्रामीण अजीत मान, योगेश आर्य, कर्मवीर, मनजीत, राजपाल, जयवीर, संदीप, सुरेश, पवन व राकेश आदि ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर पाया।



बाढ़ड़ा। कस्बे के लोहारू रोड पर कूडे का उठान करवाने की मांग को लेकर रोष जताते लोग।

**समाधान न होने पर करें हाइवे जाम**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो हम मुख्य सड़क व नेशनल हाइवे जाम करने को मजबूर होंगे। इस समस्या के बारे में कई बार विभाग व प्रशासन को अवगत करा चूके है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। व्यापार मंडल सुंदरपाल ने बताया कि जल्द ही अन्य जगह का चयन कर कूड़े का समाधान कर दिया जाएगा।

## श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल के विद्यार्थियों ने पेश की जागरूकता की मिसाल

**भिवानी।** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, भिवानी के विद्यार्थियों ने आज गो ग्रीन विध दिवाली थीम पर एक प्रभावशाली जनजागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचने और पर्यावरण के अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने हाथों में रंग-बिरंगे बैनर और तख्तियाँ लेकर नारे लगाए । रैली के साथ-साथ विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसमें संदेश दिया गया कि हमें अपनी खुशियों के साथ-साथ दूसरों की दिवाली को भी खुशहाल बनाना चाहिए और बिना पटाखों के स्वच्छ, हरित दिवाली मनानी चाहिए। यह रैली हांसी गेट से शुरू होकर घंटाघर होते हुए वैश्य कॉलेज तक निकाली गई, जहाँ विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ लोगों को जागरूक किया। श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल का यह सराहनीय प्रयास गो, वीध ग्रीन की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल है, जो समाज में पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार उत्सव मनाने का संदेश देता है।



भिवानी। जागरूकता रैली निकालते हुए।

# प्रतिज्ञा सेवा समिति द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित अनाज मंडी स्थित ग्राउंड में प्रतिज्ञा सेवा समिति द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बवानी खेड़ा हलका विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने शिरकत की. कार्यक्रम में भिवानी के बीजेपी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, प्रतिज्ञा सेवा समिति के खिलाड़ियों को अनाज मंडी प्रधान सुखबीर भाकर अंकित विक्रम कोच मोनू पंकज मिल्खा सिंह सुखबीर थ्योरी जीतू बलियाली ने पहुंचकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए. प्रतियोगिता का आयोजन मिल्खा सिंह द्वारा करवाया गया. विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने बताया कि ऐसे खेलों का आयोजन समिति द्वारा समय समय पर करवाया जाता है जिससे खिलाड़ियों की प्रतिभा निकल कर सामने आती है. वही मिल्खा सिंह ने बताया कि समिति के द्वारा खेल रक्तदान शिविर सहित अन्य सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा दिया जाता है।



बवानी खेड़ा। विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

# कन्या गुरुकुल में निर्मित लाईब्रेरी का किया उद्घाटन

- शिक्षा के बलबूते मानव जीवन संवारना संभव : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

गांव पंचगावां के कन्या गुरुकुल में प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए ई डिजीटल लाईब्रेरी का उद्घाटन समाजसेवी अनिल कालुवाला ने कर छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र की आधुनिक सौगात उपलब्ध करवाई। कन्या गुरुकुल एवं महाविद्यालय परिसर में कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश पंचगावां की अध्यक्षता में सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सांगवान कालुवाला द्वारा बीस लाख रुपये की लागत से निर्मित करवाई गई ई डीजीटल लाईब्रेरी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवारना है तो नशामुक्त व शिक्षा युक्त वातावरण देना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा से मानव जीवन संवरता है। गुरुकुल में सेवा कार्य निश्चित रूप से छात्राओं के लिए लाभदायक रहेगा। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि शिक्षण कार्य को लगन के साथ करें ताकि आगे चलकर अपने माता पिता और गांव का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने गुरुकुल कमेटी का धन्यवाद करते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना करवाना एक पुनित कार्य है। शिक्षा के क्षेत्र में समाजसेवा समाज को आगे बढ़ाने का कार्य है। उद्घाटन अवसर पर अनिल कालुवाला ने कहा कि लाइब्रेरी खुलने से बच्चों को शिक्षा से जुड़ी जानकारी हासिल करने में सुगमता होगी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम व व्यापक अध्ययन सामग्री, ई-पुस्तकें, शोध पत्र और ऑनलाइन संसाधनों तक सरल और सुलभ पहुंच प्रदान करना है। इससे शैक्षणिक यात्रा को अधिक प्रभावी और समृद्ध बनाया जा सकेगा।



बाढ़ड़ा। कन्या गुरुकुल एवं महाविद्यालय परिसर में डिजीटल लाईब्रेरी का उद्घाटन करते सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सांगवान कालुवाला।

**नारी शिक्षा प्रोत्साहन**

अनिल कालुवाला ने गुरुकुल कमेटी व ग्रामीणों की मांग पर कहा कि नारी शिक्षा, गोसेवा के लिए उनके पास कभी पैसे की कमी नहीं है और वह जल्द ही नई योजनाएं देंगे तथा छात्राओं को एक वर्ष तक मुफ्त लाईब्रेरी कर्मचारी की नियुक्ति करने की घोषणा की। उनके अलावा कन्या गुरुकुल अध्यक्ष ओमप्रकाश पंचगावां, सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष शमशेर पंचगावां, डा. अजय भांडवा, रणधीर पीटीआई, रामकुमार गोपालवास, मास्टर हरपाल सिंह, रामबीर काकड़ौली, सरपंच कुलबीर, सरपंच नरेश पूनिया गोपालवास, सरपंच रणबीर रोहिल्ला, मास्टर राजेश श्योराण, देवराज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बीके भाई बहनों ने समाज को दिव्य एवं श्रेष्ठ बनाने का दिलाया संकल्प



भिवानी। कार्यक्रम में झांकी व बीके भाई बहनें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों से आत्म दीप जलाकर नशामुक्त, पर्यावरण संरक्षण व वसुधैव कुटुंबकम की भावना से दीपावली पर्व मनाए, तभी हमारा भारत देश पुनः विश्व गुरु बन सकता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में दीपावली पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन के साथ बीके भाई-बहनों ने द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर श्रीलक्ष्मीजी की झांकी सजाई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।

**ईश्वरीय ज्ञान से आत्मजागरण**

ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान और सहज योग की शिक्षा द्वारा मन मंदिर की सफाई कर सदा जागती ज्योति निराकर परमात्मा शिव से आत्मा की ज्योति प्रज्वलित कर अपने आसुरी अवगुणों और संस्कारों का खाता बंद कर देवी गुण संपन्न बनने का संकल्प लें, तभी हम हमारा परिवार समाज देश दिव्य बन सकता है। ब्रह्माकुमारी ज्योति ने कहा कि दीपावली पर्व पर भ्रातृत्व की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लेकर समाज को श्रेष्ठ बनाने का कार्य करें। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करा अतिंद्रिय सुख, शांति, आनंद की अनुभूति कराई। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदान कर सभी का मनमोह लिया।





## पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया

**उचाना।** छात्तर के लार्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली प्रतियागिता का आयोजन किया। प्राचार्य बलवंत राय द्वारा विद्यार्थियों को सच्ची सन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार आपसी मेल जोल बढ़ता है, ये हमारे गौरवशाली संस्कृति का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्य अमन कुमार, सुशील कुमार, राजेश, सुरजीत, पवन कुमार मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में पति पत्नी व बेटी घायल

**नारनौल।** बेलेनो गाड़ी ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में पति-पत्नी व बेटी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कनीना के गांव भालखी निवासी प्रमोद कुमार बीते शनिवार शाम अपनी पत्नी प्रिया व बेटी पायल के साथ बाइक पर सवार होकर नारनौल से घर का सामान लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। इस दौरान मित्रपुरा मोड़ पर जब वे रोड क्रास कर रहे थे, तो एक बेलेनो गाड़ी चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण तीनों बाइक से दूर जा गिरे। टक्कर की वजह से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां पर भीड़ जमा हो गई।

### आज लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ मुहूर्त शाम 07:08 से लेकर रात 08:18 के बीच

# जिलेभर में धूमधाम से मनाई छोटी दीवाली

### बाजारों में उमड़ी भीड़, शहर में पुलिस रही सतर्क

**पटाखे चलाने से करें परहेज, सिर्फ दीये जलाएं : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में रविवार को छोटी दीपावली का पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ सुबह ही बाजार में पहुंचना शुरू हो गई। दिन चढने के साथ ही बाजार पूरी तरह से ग्राहकों से गुलजार हो गया। बाजार में ऐसी कोई दुकान नहीं थी जहां ग्राहक न हों। दुकानदारों ने अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए अनेक स्कीमें शुरू की हुई थी। जिसके चलते बाजार में आए लोगों ने भी इन स्कीमों का जम कर लाभ उठाया। बाजार में ग्राहकों को लुभाने के लिए हर दुकानदार ने अपनी दुकान के आगे सेल लगाई हुई थी। सेल पर मौजूद लड़के चिल्ला-चिल्ला कर कहीं हर माल सौ-सौ रुपये में तो कहीं 150-150 रुपये की आवाजें लगा रहे थे। इसके अलावा कहीं एक कमीज के साथ एक गिलास मुफ्त मिल रहा था तो कहीं कूपन सिस्टम के माध्यम से लोगों को रिझाया जा रहा था। दोपहर होते-होते बाजार में लोगों की इतनी भीड़ जमा हो गई कि आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में वाहन न प्रवेश कर पाएं, इसके लिए जगह-जगह नाके लगाए गए थे। जिन पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुरक्षा को लेकर प्रशासन के रहे पुख्ता इंतजामः दीवाली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। वहीं किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए आपातकालीन सेवाओं के अलावा दमकल विभाग पूरी तरह से अलर्ट पर रहा। पुलिस कर्मचारी बाजार, शहर के सभी चौराहों पर सुबह से ही तैनात रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बाजार व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त को बढाया गया था। दीवाली को लेकर शहर में पूरा दिन चहल-पहल रही और दुकानदारों द्वारा लगाई गई सेलों पर से जमकर खरीददारी की। पूरा दिन मेन बाजार, पालिका बाजार, जनता बाजार, तांगा चौक, झांझ गेट के आसपास क्षेत्र में काफी भीड़ रही। पैदल चलने में भी लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी।





जींद। दीपावली पर्व पर बाजार में उमड़ी भीड़। फोटो :हरिभूमि



जींद। बाजार में लगी सेल पर खरीददारी करते हुए। फोटो :हरिभूमि





जींद। सजावट का सामान खरीदते हुए। फोटो :हरिभूमि

### साधक को शुभ फल की प्राप्ति

पूजा का शुभ मुहुर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से 08 बजकर 18 मिनट तक : शास्त्री जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीवाली मनाई जाती है। इस दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। इससे साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार दीपावली पर्व पर पूजा का शुभ मुहुर्त शाम 07 बजकर 08 मिनट से 08 बजकर 18 मिनट तक है।

### परंपरागत तरीके से मनाएं दिवाली

डीसी उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। लोगों को पटाखे चलाने से परहेज करना चाहिए। बहुत से लोग दमा, हर्ट, सांस, आंखों आदि की बीमारी से ग्रस्त हैं और धुएं व शोर से यह बीमारी और भी बढ़ जाती है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वह ऐसे लोगों को अपने परिवार के सदस्य मान कर पटाखे चलाने से परहेज करें, केवल दिए जलाएं। दीपावली दीपों का त्यौहार है और इसे परंपरागत तरीके से मनाएं।

### धनतेरस पर्व मनाया

शास्त्रों के अनुसार शनिवार को धनतेरस का त्योहार भी मनाया गया। ऐसे में जिन लोगों ने धनतेरस का त्योहार मनाया उन्होंने ज्वैलरी, वाहन और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की खरीद की। लोगों ने सेल के माध्यम से ब्रांडिड आइटमों की खरीदद्दारी की। इसके साथ ही महिलाओं ने स्टील के बर्तनों, रसोई सामान, कपड़े तथा अन्य सजावटी सामान खरीदा। शहर में लगभग पांच दर्जन बर्तनों की दुकानें हैं।

### जगह-जगह की गई बेरिकेटिंग

बाजार में लोगों की भीड़ व आवाजाही को रोकने के लिए शहर में अलग-स्थानों पर नाकाबंदी की गई थी। बाजार के अंदर कोई वाहन प्रवेश न कर सके, इसके लिए शहर थाना के सामने ही रस्सी लगा कर नाकाबंदी की हुई थी ताकि शहर में कानून व्यवस्था के साथ-साथ जाम की स्थिति से न निपटा जा सके। बाजार के सभी मुख्य रास्तों रानी तालाब, फव्वारा चौक, शिव चौक की तरफ से बेरिकेटिंग की गई थी। इसके अलावा झांझ गेट की तरफ, टाउन हाल की तरफ तथा रानी तालाब के निकट बेरिकेटिंग की गई थी। वहीं उचाना, जुलाना, सफीदों, नरवाना के बाजारों में भी पुलिस प्रबंध चाक चौबंद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व के मध्यनजर जिलेभर में चौकसी बढ़ा दी गई है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि लोग त्यौहार को हर्षोउल्लास से मना सकें।



## अंकित यादव बने शिवसेना अध्यक्ष

**नारनौल।** शिवसेना सदस्यता अभियान के तहत जिले में हरियाणा उप प्रमुख विपिन आर्य व शिवसेना इकाई गोरक्षा दल के जिला प्रमुख राजू सैनी ने गांव बुडीना में अंकित यादव को शहर अध्यक्ष व अविनाश सैनी को जिला उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर कपील, मिंटू हाडा, बंटी, अर्पित, तरुण हाडा, पवन निशु, राजेंद्र आदि मौजूद थे। जिन्होंने शिवसेना में शामिल होने के लिए खुशी जाहिर की।

# गांव नगूरां की पंचायत ने पुलिस से बाजार में गश्त बढ़ाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

त्योहार को देखते नगूरां पंचायत ने रविवार को सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़ के नेतृत्व में सुरक्षा की मांग को लेकर एक पत्र नगूरां पुलिस एएसआइ सुभाष को सौंपा है। पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि से बाजार में गश्त बढाने का आश्वासन दिया है। पुलिस को सौंपे मांग पत्र में सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगूरां बाजार में काफी भीड़ है। जिसके कारण आवारा किस्म के शरारती तत्व किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पंचायत ने पुलिस से एक आग्रह ओर किया है कि बाजार में खरीददारी को लेकर भीड़ ज्यादा है और बड़े वाहन चालक स्पीड में बाजार से गुजर रहे हैं। जिसके कारण दुर्घटना होने का खतरा भी बना हुआ है। पुलिस को चाहिए कि बड़े वाहनों को बाजार से डायवर्ट कर बाइपास निकाला जाएं ताकि कोई घटना न हो। पुलिस ने सरपंच प्रतिनिधि से दीपावली के त्योहार को देखते ज्यादा गश्त बढाने का आश्वासन दिया है।



जींद। नगूरां पुलिस को मांग पत्र सौंपते सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप खटकड़।

# जनता के विश्वास पर खरी उतर रही सरकार : अत्री

**सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रुपये की बढोत्तरी से बुजुर्गों को मिलेगा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने एक वर्ष में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तक सरकार ने 46 संकल्प पूरे कर जनता का विश्वास जीता है। सामाजिक सुरक्षा भत्ता में 200 रुपये की वृद्धि से बुजुर्गों, दिव्यांगों और अन्य पात्रों को बड़ा लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और जनसंपर्क को और मजबूत बना रही है। उचाना भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री रविवार को अपने आवास पर कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में गंभीर है। पहले ही साल में 46 संकल्प पूरे कर दिए गए हैं, जिससे लोगों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि 158 अन्य वायदों पर तेजी से काम जारी है। सीएम नायब सिंह सैनी की सरकार ने किसानों के हित में ठोस कदम उठाए हैं। हरियाणा पहला राज्य बना जिसने 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा।



उचाना। अपने आवास कार्यकर्ताओं के साथ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### लाडो लक्ष्मी योजना शुरू

मंडियों में किसानों को भुगतान अब 72 घंटे की बजाय 48 घंटे में सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते एक साल में बिना पर्ची, बिना खर्ची के सिद्धांत पर 33,949 युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गईं। वहीं 17 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भाजपा सरकार युवाओं को पारदर्शी व मेरिट आधारित अवसर दे रही है। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा देने के लिए सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पंजीकृत लाडो बहनों को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए पंजीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है। गरीब उत्थान की भावना को बल देते हुए अत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग में आरक्षण का वर्गीकरण लागू किया गया है, जिससे समाज के कमजोर तबके को न्याय और समान अवसर मिल रहे हैं।

# सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने विधानसभा डिप्टी स्पीकर को सौंपा मांगपत्र

**कंप्यूटर लैब सहायकों का जॉब सुरक्षा एक्ट का पत्र जल्द किया जाए जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक ने रविवार को विधानसभा डिप्टी स्पीकर एवं विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कंप्यूटर लैब सहायकों ने सर्विस सिक्योरिटी का पत्र जल्द जारी करने की मांग की। कंप्यूटर लैब सहायकों के जिला प्रधान सोनू दुग्गल ने बताया कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर लैब सहायक 14 साल से कार्यरत हैं। पिछले 14 सालों से कंप्यूटर लैब सहायक सरकारी स्कूलों में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और जबकि उनका वेतन मात्र 12 हजार है वे लंबे समय से अपनी जॉब सुरक्षा के लिए प्रयास कर रहे हैं। परंतु अभी तक उनको किसी प्रकार का बेनिफिट नहीं दिया गया। जॉब सुरक्षा एक्ट वर्तमान सरकार लेकर आई है। जिसका हम स्वागत करते है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब सहायक सर्विस सिक्योरिटी एक्ट में शामिल हैं। परंतु दुर्भाग्य की बात है अभी तक सरकार लाये एक्ट 2024 को अभी तक विभाग ने लागू कर कर पत्र जारी नहीं किया है।



जींद। डिप्टी स्पीकर को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो :हरिभूमि

## साइबर ठगों ने 9 लाख 96 हजार ठगे, केस दर्ज

**कैथल।** साइबर ठगों द्वारा कैथल के एक व्यक्ति से 996000 की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महादेव कॉलोनी कैथल के गुलशन ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अनाज मंडी में कर्मचारी है। उसने बताया कि 17 अगस्त 2025 को उसके मोबाइल पर एक फोन आया था। उसने कहा कि वे बैंक से बोल रहे हैं। उसने कहा कि आपका पैन नंबर या डेबिट कार्ड नंबर दो। उसने सोचा कि यह वास्तव में बैंक कर्मचारी हैं। उसके द्वारा आरोपियों को सभी जानकारी दे दी गई। कुछ समय में उसका मोबाइल नंबर उसके मोबाइल से डिलीट हो गया तथा उसके मोबाइल पर मैसेज आने शुरू हो गए।

# गुरूकुल खेड़ा के अशोक ने बोशिया फेडरेशन कप में जीता कांस्य पदक

**अशोक की उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गुरूकुल खेड़ा के बोशिया खिलाड़ी अशोक कुमार ने इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा-2025 के दौरान आयोजित पहले बोशिया पर्पल फेस्ट फेडरेशन कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीसी-3 पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता नौ से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम, पणजी में आयोजित हुई। आयोजन का संचालन बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया, इसमें गोवा राज्य दिव्यांगजन आयोग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (भारत सरकार) और संयुक्त राष्ट्र भारत का सहयोग रहा। अशोक कुमार ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन नियंत्रण, सटीकता और धैर्य का प्रदर्शन किया। उनका यह प्रदर्शन उनकी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। बोशिया स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने इस आयोजन के माध्यम से देशभर के खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया और बोशिया खेल को नई पहचान दी। संगठन का यह प्रयास दिव्यांग खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से आगे बढने का अवसर दे रहा है। अशोक की यह उपलब्धि हरियाणा के लिए गर्व का विषय है और उन सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य को पाने की कोशिश कर रहे हैं।



# भिवानी के सुरज तंवर का एशियन यूथ ओलंपिक खेलों में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बैंक कालोनी स्थित दुर्गा स्पोर्ट्स अकादमी का खिलाड़ी सुरज तंवर का चयन सउदी अरब के बहरीन में होने वाले तीसरे एशियन यूथ ओलम्पिक खेलों में मुएथाई खेल में 45 किलोग्राम भारवर्ग में भारतीय टीम में हुआ है। मुएथाई खेल संघ हरियाणा के महासचिव कोच सोमबीर वशिष्ठ ने बताया कि ये गेम्स 22 से 31 अक्टूबर तक होंगे। इन एशियन यूथ ओलम्पिक खेलों में भाग लेकर सुरज तंवर न केवल भारत का प्रतिनिधित्व करेंगा, बल्कि हरियाणा व भिवानी का नाम रोशन करेंगा। उन्होंने बताया कि ये अवसर उनकी वर्षों की मेहनत, संघ के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा, प्रदेश महासचिव कोच सोमबीर वशिष्ठ, माता-पिता व सीनियर खिलाड़ियों के सहयोग से संभव हुआ है। दुर्गा स्पोर्टस अकादमी के अध्यक्ष मुकेश तंवर व कोच सोमबीर वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से कहा कि भिवानी के मुए थाई खिलाड़ी अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच रहे हैं और देश व प्रदेश के साथ जिला भिवानी का विश्व स्तर पर नाम चमका रहे है। सुरज कोच सोमबीर के मार्गदर्शन में प्रतिदिन सुबह शाम 6 से 7 घंटे अभ्यास कर रहा हैं। सुरज इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी आबूधाबी में वर्ल्ड यूथ मुएथाई चेम्पियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुका है और लगातार 4 बार का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी रहा हैं। राणा ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि खिलाड़ियों का सम्पूर्ण खर्चा सरकार की तरफ से रहेगा। इस अवसर पर सज्जन कंवर, मितलेश तंवर , विशाल, दीपक भाकर, गौरव वशिष्ठ, दीपक पारचे, राकेश शर्मा, जोगेन्द्र राठौढ, कर्मबीर कौशिक पालवास, प्रदीप पहलवान कायला आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।



भिवानी। खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।





















## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला को लिफ्ट दे सोने के कगंन निकाले

**जींद।** रुपया चौक पर रविवार को कार सवारों ने बुजुर्ग महिला को सत्संग भवन के लिए लिफ्ट दे सोने के दो कंगन निकाल लिए। जिसके बाद कार सवार महिला को कैथल रोड पर छोड़ कर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस ने कार सवारों की धरपकड़ के लिए अभियान भी चलाया लेकिन उनका कोई सुराग नही लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तेलियान मोहल्ला निवासी सुदेश (72) रविवार को रुपया चौक पर राधा स्वामी सत्संग भवन में जाने के लिए खड़ी हुई थी।

### सद्भाव यात्रा में महिलाओं की रहेगी विशेष भागीदारी

**उचाना।** उचाना खुर्द की पूर्व सरपंच भतेरी ग्रोवर ने कहा कि जब यात्रा उचाना हलके में पहुंचेगी तो यात्रा में महिलाओं की बराबर की भागीदारी होगी। यात्रा का स्वागत महिलाएं गीत गाकर गांव में पहुंचने पर करेगी तो कदम से कदम मिलाकर यात्रा का हिस्सा बनेगी। ये यात्रा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह सदभाव का संदेश देने के लिए निकाल रहे है। इस तरह की यात्रा आज तक प्रदेश में नहीं निकाली गई। राजनीति फायदे के लिए यात्राएं निकाली जाती है लेकिन ये ऐसा यात्रा है जो प्रदेश में जो भाईचारा बिगड़ा है उसको दोबारा से फिर कायम करने के लिए निकाली जा रही है।

### धान की खरीद पारदर्शी व सुचारू रूप से जारी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा धान खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। खरीद प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और सुव्यवस्थित तरीके से निरंतर जारी है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए छाया पेयजल, तौल व्यवस्था, साफ-सफाई व भुगतान प्रणाली की नियमित निगरानी हो।

### शिरड़ी साईं स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

**उचाना।** शिरड़ी सांई विद्यालय डोहाना खेड़ा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक मदनलाल जेई ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

---

कार्ड मेकिंग, दीप व थाली डेकोरेशन, रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# ऑकवुड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई दीपावली, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने स्वच्छ सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का किया आह्वान**

*बच्चों को समझाया की दीपावली एक खुशियों का त्योहार है और खुशियां सभी के साथ मिलकर साझा की जाते हैं तो हमे अपने जीवन के सभी त्योहारों को इस प्रकार बनाना चाहिए कि हम और हमारे आसपास के सभी लोग सुरक्षित हुए खुश रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ऑकवुड स्कूल में भारतीय परंपरा का सबसे जीवंत त्यौहार दीपावली बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्रातः काल से ही पूरे विद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया तथा समस्त सभी विद्यार्थी वह आचार्य वर्ग की खुशियां देखते ही बनती थी। प्रातः कालीन सभा में मां सरस्वती, भगवान गणेश, महालक्ष्मी, श्रीराम, मा सीता, लक्ष्मण, हनुमान का पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम प्राचार्य सज्जन भारद्वाज हुए मैनेजमेंट द्वारा तिलक लगाकर पुष्प अर्पित करके सभी देवी-देवताओं की आराधना की गई तथा राम स्तुति का पाठ किया गया। तत्पश्चात अनेक विद्यार्थियों ने आचार्यगण के साथ मिलकर दीपावली के उपलक्ष में अपने-अपने विचार रखें इसके साथ ही अनेक बच्चों ने नृत्य व गायन के माध्यम से कार्यक्रम में अपना अनुपम योगदान दिया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने उन्हें स्वच्छ सुरक्षित व पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को समझाया की दीपावली एक खुशियों का त्यौहार है और खुशियां सभी के साथ मिलकर साझा की जाते हैं तो हमे अपने जीवन के सभी त्योहारों को इस प्रकार बनाना चाहिए कि हम और हमारे आसपास के सभी लोग सुरक्षित हुए खुश रहे।

तत्पश्चात कार्ड मेकिंग, दीप डेकोरेशन, थाली डेकोरेशन, रंगोली आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी ने किसी ने किसी प्रतियोगिता में सहभागिता की तथा त्यौहार को मनाने में अपना अनुपम योगदान दिया।

नर्सरी एलकेजी में यूकेजी के छात्रों ने अपने-अपने माता-पिता के लिए विशेष रूप से दीपावली के शुभकामना संदेश युक्त ग्रीटिंग तैयार किए।तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों ने मिलकर अपनी-अपनी कक्षाओं को सजाया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह ने सभी विद्यार्थियों को तथा उनके परिजनों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। कार्यकारिणी सदस्य विक्रम राणा व मानवेंद्र सिंह ने भी सभी बच्चों तथा आचार्य वर्ग को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



**भिवानी।** रंगोली बनाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम**

थाली डैकोरेशन में कक्षा छठी की महक प्रथम, 5वीं अलिशा व 7वीं की सारिका द्वितीय तथा सातवी की यशिका तृतीय रही। दीया डैकोरेशन में कक्षा प्रथम में समर्थ, सारांश व चेतन्य, कक्षा दो से अनिश, आयुष व रूद्र क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। कक्षा तीसरी से काव्या प्रथम व उत्तराक्ष द्वितीय रहे। 4 से 6 कक्षा ग्रुप में पंशुल, जिया व श्रेया क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 7 से 10 कक्षा ग्रुरप में वंशिका प्रथम, नंदिनी व तमन्या द्वितीय तथा साक्षी तृतीय स्थान पर रही। कार्ड मेकिंग में कक्षा पहली मं अंजली, आदविक व छवि क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। कक्षा तीसरी से विरेन, शान्य व हर्षित क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 4 से 6 ग्रुरप में मानस, गरिमा व ह्दृय तथा 7 से 10 कक्षा ग्रुरप में श्रेया, सिद्धार्थ व दृष्टि क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। रंगोली में कक्षा पहली में यशवी पहले, दीतिका दूसरे व सृष्टि तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा दो में एलिश, पीयूष, नव्या पहले, अंशिका, रीतिका व यशिका दूसरे तथा सुहानी, ऐंजल व छवि तीसरे स्थान पर रही। कक्षा तीन में दिशा पहले, कशिश व जिया दूसरे, निपुण व अविराज तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 4 से 6 वर्ग में हंस्वी व सृष्टि पहले, लीशा, ख्वाहिश, भावि, रीषिका, अंकु, धृतिका दूसरे तथा रिहान व नमन तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 7 से 10 ग्रुरप में ओंसी व अनन्या पहले, रीतिका व अंजली दूसरे तथा आरती, तेजू, प्रियांश व पार्थ तीसरे स्थान पर रहे। क्लास डैकोरेशन में एक से तीन कक्षा वर्ग में तीसरे कक्षा प्रथम, पहली द्वितीय तथा दूसरी कक्षा ने तृतीय स्थान हासिल किया। 4 से 6 कक्षा वर्ग में छठी कक्षा पहले, 5वीं कक्षा दूसरे तथा चौथी कक्षा तीसरे स्थान पर रही तथा 7 से 10 कक्षा वर्ग में 8वीं कक्षा पहले, 9वीं कक्षा दूसरे तथा 10वीं व 7वीं कक्षा तीसरे स्थान पर रही।

---

# सीबीएलयू में दिवाली उत्सव पर प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग द्वारा दीपावली के पर्व को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह कार्यक्रम छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच खुशी, एकता और सांस्कृतिक रचनात्मकता की जीवंत अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। विभाग को सुंदर दीपमालाओं और मनमोहक रंगोलियों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर एक उत्सवमय वातावरण से भर उठा। विभागाध्यक्ष प्रो. ललिता गुप्ता के मार्गदर्शन में और प्रोग्राम कन्वीनर डॉ. मोनिका जांगड़ा की देखरेख में, रंगोली और दिया डेकोरेशन एवं दीया सजावट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, जिससे विभाग में खुशी और सकारात्मकता के रंग बिखर गए।

**दीया सजावट में कीर्ति रही प्रथम**

दीया सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया कीर्ति ने, द्वितीय स्थान प्राची को मिला, तथा तृतीय स्थान अंजली को प्राप्त हुआ। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी, अंजली और शालू की टीम ने हासिल किया, द्वितीय स्थान कीर्ति, प्राची और खुशी की टीम को मिला, तथा तृतीय स्थान नेहा, रितिका और अंजली की टीम ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. नितिन बंसल, डॉ. राहुल त्रिपाठी और डॉ. सुधा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उनकी सराहना की। साथ ही डॉ. आशा एवं डॉ. सीमा ने भी अपनी प्रेरणादायी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई तथा छात्रों के उत्साहवर्धन किया।

---

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया हैप्पी दीवाली का संदेश

- विद्यार्थियों ने भाषण व श्रीराम आएंगे गायन प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दीपावली पर्व पर लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर दीपावली पर्व मनाया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल, भावना गोयल, प्रबंधक सतीश गोयल ने बताया कि विद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला में कुसुम्भी मोड स्थित लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर बड़े ही आकर्षक ढंग से दीपावली पर्व का संदेश दिया। पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों की भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर आधारित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा सुरक्षित दीपावली पर प्ले व कविता पाठ प्रतियोगिता, कक्षा आठवी के विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता व राम आयेंगे गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कक्षा सातवी के विद्यार्थियों ने मंच संचालन किया,जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, माता सबरी, केवट आदि के रोल प्ले किए व एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। विद्यार्थियों ने पेड़ लगाओ, सेफ दीवाली, सेव अर्थ, सेव वाटर, से नो टू पॉलीथिनस, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर महत्वपुर्ण संदेश दिए।



**भिवानी।** हैप्पी दीवाली की मानव श्रृंखला बनाते विद्यार्थी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, उपप्राचार्य सुदेश तुलस्यान, को-ओर्डिनेटर सुनीता, बबीता, अंकित, दीपिका, संदीप, मंजु, विवेक, सीमा, सविता, पुनम, ममता, मीनू व जितेन्द्र आदि मौजूद था।

---

# ग्रास रूट्स विद्यालय में मनाई दीपावली

- बच्चों ने दिया बनाओ, मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। पर्व के उपलक्ष्य में दिया बनाओ, मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 120 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय प्रधानाचार्या वीना रानी ने अपनी अहम भूमिका अदा की। विद्यार्थियों का प्रतियोगिता में जोश देखते ही बनता था। बच्चों ने क्ले से श्री गणेश जी, पटाखे, सरस्वती मां सहित अन्य देवी देवताओं की तस्वीरें बनाकर सभी का ध्यान अपनी और खींचने का कार्य किया। प्रतियोगिता में मितांश, अमृता, भूमि, राघव, विवेक, आरव, हिमांशी, देव ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या वीना रानी ने बताया कि सभी विद्यालय विद्यार्थियों एवं अध्यापिकाओं द्वारा विद्यालय में दीपावली पूजन करवाया गया व पावन पर्व दीपावली के महत्व के बारे में सभी को बताकर शुभकामनाएं दी।





**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के ग्रास रूट्स पब्लिक स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाते हुए।

---

# जी लिट्रा वैली स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

ज़ी लिट्रा वैली स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव की शुरुआत नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों की नृत्य प्रस्तुति के द्वारा की गई। स्कूल में प्रभु श्री राम के गीत गूंज उठे व बच्चों की नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के सदस्यों सत्यनारायण मित्तल, रामचंद्र मित्तल, ज्ञानीराम मित्तल, ट्रस्टी अमन गर्ग, शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग, प्राचार्या सीमा मक्कड़ सहित सभी बच्चों द्वारा लक्ष्मी पूजन किया गया। तत्पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे स्कूल में दीप प्रज्वलित किए गए। बच्चों के लिए रंगोली, दिया सजाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिताएं करवाई गई। कक्षा 9वी से 12वीं के बच्चों द्वारा ( कुकिंग विदाउट फायर) भोजन स्टॉल का आयोजन किया गया। उत्सव के अंत में अध्यापक व अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ मिलकर फुलझड़ियां जलाई। बच्चों ने दीपावली उत्सव का खूब आनंद उठाया। दिव्या गर्ग आचार्य ने सभी शिक्षक ,शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



**भिवानी।** स्कूल में दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर पूजन करते हुए।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जींद।** घिमाना-बीबीपुर गांव के बीच सड़क पर नील गाय आ जाने के चलते एक युवक की रविवार को मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। गांव खांडा निवासी 30 वर्षीय नवदीप रविवार को अपनी कार से जींद आ रहा था। वह फिलहाल शहर की शिव कालोनी में रहता है। जब वह घिमाना-बीबीपुर गांव के बीच में पहुंचा तो अचानक उसकी कार के आगे नील गाय आ गई। नील गाय को बचाने के चक्कर में उसकी कार असंतुलित हो गई और सड़क किनारे गड्ढों में जाकर पलट गई। इससे नवदीप की मौत हो गई।

---

# देश को सशक्त, आत्मनिर्भर और मजबूत

- लोगों से दीपावली पर्व को हर्षोल्लास से आपसी प्रेम, सदभाव व एकता से मनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि देश को सशक्त, आत्मनिर्भर और मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने के लिए यह जरूरी है कि हर नागरिक स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करें। उन्होंने कहा कि खरीदारी के इस बदलाव से हमारी सेना मजबूत होगी और हमारा देश मजबूत होगा। पीएम मोदी के हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान से ही हम अपने देश को एक बार सोने की चिडिय़ा बना सकेंगे। वे रविवार को बहल कस्बे के बाजार में लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं देने आए थे। उन्होंने लोगों से दीपावली पर्व को हर्षोल्लास से आपसी प्रेम, सदभाव व एकता से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब हम एक रहेंगे तो ही हमारे परिवार, समाज और देश का विकास संभव है। उन्होंने बाजार में रेहड़ी, खोमचों वालों से दीपक व दीपावली संबंधित अन्य समान की खरीदारी की। उन्होंने लोगों को 11000 मिट्टी से बने हुए दीपक वितरित किए। इससे पहले जेपी दलाल ने मार्केट कमेटी विश्राम गृह में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनको दीपावली की शुभकामनांए दी जहां उनका मार्केट कमेटी चेयरमैन रवि महमिया ने उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री को बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, सुशील चैहडिया, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा पाजू, वाइस चेयरमैन रामचंद्र टांडी, मंडल प्रधान रोहताश चौहान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनको मिठाई खिलाकर शुभकामना दी।



**बहल।** मार्केट कमेटी विश्राम गृह में पूर्व मंत्री जेपी दलाल का स्वागत करते हुए पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल।

---

सांसद धर्मबीर सिंह ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# प्रतियोगिता से प्रतिभाओं में आता है निखार: धर्मबीर

**ग्रामीण युवाओं की खेल प्रतिभा को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर में भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले खेलों का शुभारंभ किया। महोत्सव में लोहारू विधानसभा के विभिन्न गांवों से 165 एकल प्रतिभागियों एवं 90 टीमों ने विभिन्न खेल विधाओं में भाग लिया। कार्यक्रम में बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपने अंदर छिपी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं। आने वाले समय में यहीं से निकलने वाले खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव के नोडल अधिकारी सुधीर चांदवास ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों से उभरती खेल प्रतिभाओं को नई दिशा और पहचान मिल रही है।



**बहल।** खिलाड़ियों का परिचय लेकर मैच शुरू करवाते सांसद।

**माफी मांगनी चाहिए**

जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल, कुश्ती और रस्साकसी खेलों का आयोजन किया जाएगा। बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं आयोजन टीम का स्वागत किया और कहा कि बीआरसीएम सदैव खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

---

रंगोली व कक्षा-कक्ष डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया

# कैरू के आदर्श विद्यालय में प्रदूषण मुक्त व ग्रीन दीपावली मनाने का दिया संदेश

- श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए दीपोत्सव पर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू में ग्रीन एंड क्लीन दीपावली मनाई। इस अवसर पर रंगोली व कक्षा-कक्ष डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**विजेताओं को किया गया सम्मानित**

रंगोली में भाग लेने वाली वरिष्ठ वर्ग की छात्राओं में कक्षा बारहवीं सांईस से ज्योति, मनस्वी, अपूर्वा, ष्वेता, हिमानी व निकिता तथा कनिष्ठ वर्ग में कक्षा सातवीं से लुभावना, कुमकुम, जानवी, कल्पना व दिव्या आदि की रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका में प्राध्यापिका प्रवीन कुमारी, शालु अग्रवाल, मनीषा वत्स व सुनीता भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। भारतवर्ष के इस पंच दिवसीय दीपोत्सव पर आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीटयूशन के चेयरमैन रामकुमार बंगालिया ने प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को सम्मानित करते हुए दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी और विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को मर्यादा पुरषोतम श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। प्रार्थना सभागार में प्राचार्य एसएन पालीवाल ने आगामी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त व ग्रीन दीपावली मनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विकास बंगालिया, उपप्राचार्य संजय जांगड़ा व प्राध्यापक रामफल सिंह, हनिश अग्रवाल, रामधारी आदि समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, सोमवार 20 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

## राजयोगी बीके बृजमोहन को किया नमन



भिवानी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के महासचिव रहे राजयोगी बीके बृजमोहन के प्रति पूरे विश्व में भोग कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी कार्यक्रम के तहत शाखा प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन व राजयोगिनी बीके कीर्ति बहन ने संयुक्त रूप से भोग लगाया। बीके कीर्ति बहन ने कहा कि बृज का अर्थ है जोड़ना, बृज का आध्यत्म अर्थ निकालें तो स्वयं परमात्मा का स्वरूप हमारे सामने आ जाता है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन वो आत्मा हैं, जो ये शरीर छोड़कर स्वयं परमात्म सेवा का मार्ग लिया है।

### दीपावली पर्व पर बाजारों में रही भीड़, लोगों ने जमकर की खरीदारी

# सांय 7:08 से 8:18 तक रहेगा लक्ष्मी पूजन का विशेष मुहूर्त

*इस साल लक्ष्मी पूजन का शाम 5 बजकर 51 मिनट से 8 बजकर 30 मिनट तक प्रदोष काल रहेगा। द्वितीय लग्न रात्रि 7 बजकर 18 से नौ बजकर 15 तक रहेगा*

**दीपावली पर माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दीपावली का त्योहार 20 अक्टूबर सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा और इस दिन माता लक्ष्मी की विशेष रुप से पूजा अर्चना की जाती हैं, जिसका शुभ मुहूर्त सांय 7:08 से 8:18 तक रहेगा, जो 1 घंटा 11 मिनट का हैं। दीपावली दीपो का त्योहार हैं और भगवान श्रीरामचंद्र के 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में ये त्योहार हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता हैं। शहर के सभी बाजारों में खरीददारी के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ रही।

उल्लेखनीय हैं कि 20 अक्टूबर को दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस साल लक्ष्मी पूजन का शाम 5 बजकर 51 मिनट से 8 बजकर 30 मिनट तक प्रदोष काल रहेगा। द्वितीय लग्न रात्रि 7 बजकर 18 से नौ बजकर 15 तक रहेगा। वहीं सिंह लग्न मध्यरात्रि उपरांत 1 बजकर 48 मिनट से चार बजे तक होगा। चरखा चौघड़िया समय 5:51 मिनट से रात्रि 7:26 मिनट तक तथा लाभ चौघड़िया रात्रि 10 बजकर 37 मिनट से 12 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। दीपावली की तैयारियों को लेकर लोग सप्ताहभर से बाजारों में खरीददारी कर रहे हैं और घरों में रंग-पेंट करवा रहे हैं। बर्तन बाजार में बर्तनों, कपड़ा बाजार में कपड़ों व नया बाजार में लाइटिंग व लड्डियों की दुकानों में जबरदस्त भीड़ रही। ज्वैलर्स शॉप पर गणेशजी व लक्ष्मीजी की चांदी की मूर्तियों की जमकर खरीददारी हुई। चांदी के गणेशजी व लक्ष्मीजी के पूजन के लिए चांदी की मूर्तियों को शुभ माना जाता हैं।



### बच्चों ने भी जमकर खरीदे पटाखे

मान्यता हैं कि समुंद्र मंथन के दौरान लक्ष्मी व धनवंतरि प्रकट हुए थे। इसके साथ-साथ लक्ष्मी को प्रसन्न करने एवं उनकी अराधना के लिए ये दिन उत्तम माना जाता हैं। बाजार में मूर्ति, दीयो व मिठाई की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ पटाखे खरीदे।

### दीपावली पर 1 घंटा 11 मिनट का रहेगा लक्ष्मी पूजन



केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि दीवाली पर लक्ष्मीजी व गणेशजी की पूजा अर्चना का विशेष शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर सोमवार को सांय 7:08 से 8:18 तक रहेगा, जो 1 घंटा 11 मिनट का हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली पर घर के इशान कोण में चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर पूर्व की तरफ मुहं करके पूजन अर्चना करनी चाहिए। पूजन में चांदी का सिक्का, रोली, मोली, चावल, सुपारी, गोमती चक्र, श्रीयंत्र, लक्ष्मीजी, गणेशजी व सरस्वतीजी की तस्वीर, फल, फूल, प्रसाद, मिठाई, खेल खिलौनी, खील, आम के पत्ते आदि रखकर पूजन करें और पूजन के बाद घर के मुख्य द्वार पर 11 आम के पत्तों व फूलों की बिंदरवाल बनाकर बांधे, जो बहुत ही शुभ होती हैं।



# दिवाली पर्व खुशहाली उन्नति और समृद्धि का प्रतीक :कंवर साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दीपावली का त्योहार हिंदुस्तान का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की विजय के साथ साथ खुशहाली उन्नति और समृद्धि का भी प्रतीक है। दिवाली एक नही कई संदेश देती है। मर्यादा,सत्य, आदर्श का संदेश देने के साथ ये हमें इस बात का भी संदेश देती है कि कर्म की मार से अवतारी पुरुष भी नहीं बच पाए। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने दीपावली के अवसर पर दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि दीपावली का त्यौहार रामचंद्र के 14 वर्ष पश्चात अयोध्या लौटने पर जनमानस द्वारा दर्शाई गई खुशी को भी स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि रामायण का ज्ञान यथार्थ ज्ञान है। उसे पांचवा वेद कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि यह सत्य, आदर्श,नियम,मर्यादा और संस्कार धारण कर जीवन जीने का सलीका सुझाती है। रामायण रावण के माध्यम से हमें यह भी चेताती है कि यदि आप अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हो या अपने ज्ञान का अहंकार करते हो तो भी आपका विनाश अवश्यंभावी है।



भिवानी। आयोजित सत्संग में प्रवचन करते संत कंवर साहेब।

### रामायण की शिक्षाएं और दीपावली संदेश

हुजूर महाराज ने कहा कि किसी की त्योहार या ग्रंथ का तभी महत्व है जब हम उसकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालें। रामायण हमें कर्तव्यों का निर्वहन का संदेश देती है।भाई का भाई के प्रति, पुत्र का पिता के प्रति,पति पत्नी का एक दूसरे के प्रति,मित्र का मित्र के प्रति क्या कर्तव्य होने चाहिए इसकी असल शिक्षा रामायण से मिलती है। हुजूर महाराज जी ने फरमाया कि श्री राम केवल पुत्र पति या भाई नहीं थे वे तो जनमानस के रोम रोम में बसने वाली अनुभूति थे। यही कारण था कि उनकी अनुपस्थिति में अयोध्या में 14 वर्ष तक ना कोई खुशी मनाई गई ना कोई त्योहार बना। जब वे माता सीता के संग वापस लौटे तब लोगो ने घी के दिए जलाए,पूरी अयोध्या को सजाया गया मिठाईयां बांटी,पुराना बैर विरोध भुला कर लोग एक दूसरे के गले मिले। तभी से ये दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। गुरु महाराज ने उपस्थित साध संगत को दीपावली के साथ साथ गौवर्द्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं देते हुए फरमाया की हिंदुस्तान में हर त्योहार का अपना महत्व है। अपने कर्म और धर्म पर अडिग रह कर आप ऐसे कार्य करो जिसमें आपका भी कल्याण हो और औरों का भी भला हो। अगर आप भलाई करते हो तो आपका सदैव भला ही होगा। बाहर के दिए जलाने के साथ साथ अपने अंतर में भी दीप जलाओ जिससे आपका जगत भी सुधरे और अगत भी।

## सांवड़ के जयकुमार ने अमेरिका में जीता सोना

चरखी दादरी। अमेरिका में वॉशिंगटन राज्य में आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में जिला के गांव सांवड़ निवासी भूतपूर्व एसडीओ व अंतरराष्ट्रीय धावक 63 वर्षीय जय कुमार शर्मा ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। जयकुमार की जीत पर गांव में जश्न का माहौल बना हुआ है। विदित होगा कि पिछले वर्ष अमेरिका में जयकुमार ने 4 मैराथन दौड़ जीती थी। शर्मा अब तक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 120 से अधिक पदक जीत चुके हैं। इन्होंने अपनी जीत का श्रेय पारिवारिक सहयोग बताया है। घर में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने जयकुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



चरखी दादरी। गोल्ड मेडल विजेता जयकुमार शर्मा।







# दीपावली विशेषांक, बवानी खेड़ा

हरिभूमि समाचार को समय-समय पर विज्ञापन के रूप में अपार प्यार बरकरार रखने के लिए आप सभी विज्ञापनदाताओं का दिन की गहराइयों से आभार। आप सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**दीपक कुमार डुमड़ा**
हरिभूमि प्रतिनिधि, बवानी खेड़ा 9315441412






समस्त देशवासियों को
दीपावली
गोवर्धन पूजा
व भैयादूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
किरण चौधरी
राज्यसभा सांसद
श्रुति चौधरी
सिंचाई एवं बाल विकास मंत्री, हरियाणा सरकार
चौ. शीशराम
चेयरमैन गोलागढ़
सुनील पटवारी
सरपंच प्रतिनिधि, मनसरबास


दीपावली एवं गोवर्धन पूजा व भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
AURON INDUSTRIAL PARK
GT REALTY
WHERE INDUSTRY MEETS OPPORTUNITY
LAUNCHING SOON
• MULTIPLE SIZE PLOTS AVAILABLE
• FOR RENT | LEASE | PURCHASE
• PRIME INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE & CONNECTIVITY
• 20+ ACRES OF PLOTS & SHEDS
• ONLY 35 MINS FROM HISAR AIRPORT
• DIRECT NH-52 HIGHWAY CONNECTIVITY
PRE-BOOK NOW
+91 89500 22009
www.thegtrealty.com
5 km from Siwani, Village Leelas, Hisar
नीर SHAKTI
GROW MORE. WASTE LESS.
• Drip Lateral – Efficient water delivery for crops
• Mini Sprinkler Nozzle & System – Flexible irrigation for small & medium plots
• Portable Sprinkler Set – Easy setup, high mobility
• Drip Irrigation System – Save water, increase yield
• HDPE Pipes – Durable, high-quality piping for all irrigation needs
/neershakti
MUNGIPA IRRITECH PRIVATE LIMITED
(TOSHAM, HARYANA)
+91 98127 21966
GAJANAND AGARWAL
(EX SARPANCH, BAHAL)


दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत भिवानी का एकमात्र सर्वश्रेष्ठ संस्थान
JBDM College of Special Education
& JBDM Private ITI
Approved by:- भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी, हरियाणा
1. B.Ed. Spl. Education (ID)
दो वर्षीय कोर्स
2. D.Ed. Spl. Education (IDD)
दो वर्षीय कोर्स
3. D.Ed. Spl. Education (Hi)
दो वर्षीय कोर्स
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
Direct Admission Open
ITI COURSE
1. Fire Technology and Industrial Safety Management (NCVT Approved)
सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली विश्वकर्मा पूजा
एवं
भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
Sunil Sura
Director
Vpo. Saral
Distt. Bhiwani, Haryana
सम्पर्क सूत्र: 9812547400, 9467166747, 9813508596


दीपावली
गोवर्धन पूजा
व भैयादूज
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिरुद्ध चौधरी
भिवानी जिलाध्यक्ष
निवेदक : समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता जिला भिवानी


!! इंडियन नेशनल लोकदल जिन्दाबाद !!
अजीत बडेसरा
जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ भिवानी
इंडियन नेशनल लोकदल की तरफ से समस्त प्रदेशवासियों को
दीपावली, गोवर्धन व भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रतिराम अलखपुरा
पवन उर्फ लीला घुसरखेड़ा
सोनू दूहन
विजेन्द्र दूहन
कुलदीप दहिया
राजबीर ग्रेवाल
रतन सिंह दिनोद
विक्रम अलखपुरा